Title: Need to include rivers flowing through Bahraich, Uttar Pradesh in the project for linking of rivers and also provide relief to the people affected by floods there. -- Laid

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल से लगा है। इसमें घाघरा, सरयू, राप्ती, कैडियाला गेरूआ आदि प्रमुख नदियां हैं। इन सभी नदियों का उद्गम पहाड़ों तथा नेपाल से होने के कारण इनके पानी का बहाव बहुत तेज है। हमारे क्षेत्र में इस समय भयंकर बाढ़ आयी हुई है। इससे यहां के नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोग बेघरबार हो गये हैं। बाढ़ के कारण जान-माल की भारी क्षति हुई है। सरकार ने एक योजना नदियों के जोड़ने की बनाई है। मेरा अनुरोध है कि इस योजना से मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच को भी जोड़ा जाये, जिससे वहां के लोग भी इस योजना का लाभ उठा सकें। बाढ़ से हुई भारी क्षति को देखते हुए सरकार को प्रभावित लोगों के लिए शीघ्र ही विशो सहायता की व्यवस्था करनी चाहिए।